**E**

No. of Printed Pages : 7

# Summative Assessment-I, 2015-16

## Subject : Social Science (सामाजिक विज्ञान)

**Class : X**

**Time : 3 Hrs.]** Ankit Gupta **[M. M. : 90**

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक के प्रश्न एक-एक अंक के हैं। इनके उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दें।
4. प्रश्न क्रमांक 9 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. प्रश्न क्रमांक 22 से 29 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. प्रश्न क्रमांक 30, भूगोल से मानचित्र सम्बन्धी, 3 अंक का प्रश्न है। उत्तर लिखने के बाद मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रखकर बांध दीजिए।

**General Instructions :**

1. The question paper has 30 questions in all. All questions are compulsory.
2. Marks are indicated against each question.
3. Questions from serial number 1 to 8 are very short answer type questions. Each question carries one mark.
4. Questions from serial number 9 to 21 are 3 marks questions. Answer of these questions should not exceed 80 words each.
5. Questions from serial number 22 to 29 are 5 marks questions. Answer of these questions should not exceed 120 words each.
6. Question number 30 is map question of 3 marks from Geography. After completion, attach the maps inside your answer book.

---

1. Name the first book printed by Johann Gutenberg. 1

योहान गुटेन्बर्ग द्वारा मुद्रित पहली पुस्तक का नाम लिखिए।

**P.T.O.**

**OR (अथवा)**

Who wrote 'Jungle Book' ?

'जंगल बुक' का लेखक कौन था ?

2. What is main reason for the depletion of flora and fauna ? 1

प्राणिजात और वनस्पतिजात के ह्रास के मुख्य कारण क्या है ?

3. At which level of government in India, 1/3 of seats are reserved for women ? 1

किस स्तर की सरकार में, महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित रखी गई हैं ?

4. Which factor is responsible for increasing the feeling of alienation among the Sri Lankan Tamils ? 1

श्रीलंकाई तमिलों में अलगाववादी भावना को बढ़ावा देने वाला उत्तरदायी कारक कौन-सा है ?

5. Will you like to be feminist ? Support your answer with one argument. 1

क्या आप नारीवादी होना चाहेंगे ? अपने उत्तर के पक्ष में एक तर्क दीजिए।

6. A.T.M. is an example of which sector ? 1

ए.टी.एम. किस क्षेत्रक का एक उदाहरण है ?

7. What is the development goal of rural people of India as per your view point ? 1

आपकी दृष्टि से भारत के ग्रामीण लोगों के लिए विकास का लक्ष्य क्या होता है ?

8. What is the intention of the government in raising money through taxes ? 1

कर के द्वारा मुद्रा उगाही के पीछे सरकार की क्या मंशा होती है ?

9. "Food offers many examples of long-distance cultural exchange". Support your answer with three examples. 3

''खाद्य पदार्थ दूर देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कई उदाहरण पेश करते हैं''। अपने उत्तर के समर्थन में तीन उदाहरण दीजिए।

**OR (अथवा)**

Who were the jobbers ? Explain their two functions.

'जॉबर' कौन थे ? उनके किन्हीं दो कार्यों की व्याख्या कीजिए।

**OR (अथवा)**

Explain the benefits of London Tube railway for the population in the city.

शहर के लोगों के लिए लन्दन भूमिगत रेल के लाभों की व्याख्या कीजिए।

10. Explain the role of New International Economic Order (NIEO). 3

नयी अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

**OR (अथवा)**

Who were 'gomasthas ?' How did they become good partners of the British management system ?

'गोमाश्ता' कौन थे ? वे किस प्रकार ब्रिटिश प्रबन्ध व्यवस्था के अच्छे साझीदार बन गए ?

**OR (अथवा)**

Explain any three differences between the development of Bombay and London. 3

मुम्बई के विकास और लन्दन के विकास के बीच कोई तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए।

11. Mention the reasons favouring shift from hand printing to mechanical printing in China. 3

चीन में हस्त मुद्रण से मशीनी मुद्रण की ओर जाने के कारणों का उल्लेख कीजिए।

**OR (अथवा)**

Who wrote the novel 'Pariksha Guru' ? Describe any two features of it. 3

'परीक्षा-गुरु' नामक उपन्यास किसने लिखा ? इस की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

12. Describe any three features of hand written manuscripts in India before the age of print. 3

मुद्रण युग प्रारम्भ होने से पूर्व, भारत की हस्त लिखित पांडुलिपियों की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**OR (अथवा)**

Who wrote the novel 'Saraswativijayam' ? Highlight any two messages given to the people through the novel. 3

'सरस्वतीविजयम' नामक उपन्यास किसने लिखा ? इस उपन्यास द्वारा लोगों को दिए गए संदेश को उजागर कीजिए।

13. Evaluate any three technological and institutional reforms made in the field of agriculture in India. 3

भारत में कृषि के क्षेत्र में किये गये किन्हीं तीन प्रौद्योगिकीय और संस्थागत सुधारों का मूल्यांकन कीजिए।

14. Analyse the three main objectives of "Narmada Bachao Andolan". 3

नर्मदा बचाओ आन्दोलन के तीन मुख्य उद्देश्यों का विश्लेषण कीजिए।

15. Suggest any three measures to solve the problem of land degradation. 3

भू-निम्नीकरण की समस्या को हल करने के कोई तीन उपाय सुझाइये।

16. What steps should be taken according to you to promote the unity among the people of India ? 3

भारत के लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देने के लिए आपके विचार से सरकार को क्या कदम उठाने चाहिए? कोई तीन

17. Assess the role of political leaders to determine the outcome of politics of social divisions. 3

सामाजिक विभाजनों की राजनीति के परिणाम तय करने में, राजनेताओं की भूमिका का आंकलन कीजिए।

18. Suggest any three measures to enhance the participation of women in politics. 3

राजनीति में महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ाने के लिए कोई तीन सुझाव दीजिए।

19. In your view, which other three development goals are important besides income ? 3

आपकी दृष्टि में आय के अतिरिक्त विकास के अन्य कौन-से तीन लक्ष्य महत्वपूर्ण हैं?

20. What constitutes the unorganised sector in urban areas ? Why do workers in this sector need protection ? 3

शहरी क्षेत्रों में असंगठित क्षेत्रक में क्या-क्या शामिल होता है? इस क्षेत्र में कामगारों को सुरक्षा क्यों चाहिए?

21. Compare the activities of tertiary sector and secondary sector. 3

तृतीयक क्षेत्रक और द्वितीयक क्षेत्रक के गतिविधियों की तुलना कीजिए।

22. Explain the term 'trade surplus'. How was the income received from trade surplus with India used by Britain? 5

''व्यापार अधिशेष'' की व्याख्या कीजिए। भारत के साथ 'व्यापार अधिशेष' से प्राप्त कमाई को ब्रिटेन ने कैसे प्रयोग किया?

**OR (अथवा)**

Why could mechanical technology not replace human labour in Victorian Britian ? Explain.

विक्टोरियाई ब्रिटेन में मशीनी प्रौद्योगिकी मानव श्रम का स्थान क्यों नहीं ले पाई? स्पष्ट कीजिए।

**OR (अथवा)**

"A large number of migrants were attracted to Bombay in the 20th century". Explain the statement.

"बीसवीं सदी में प्रवासियों की बहुत बड़ी संख्या मुम्बई की ओर आकर्षित हुई।" कथन को स्पष्ट कीजिए।

23. Highlight the various themes of novels written by Charles Dickens and Thomas Hardy, in the 19th Century. 5

उन्नीसवीं शताब्दी में चार्ल्स डिकन्स तथा थॉमस हार्डी द्वारा लिखित उपन्यासों की विभिन्न विषय-वस्तुओं को उजागर कीजिए।

**OR (अथवा)**

"Premchand's novels are filled with powerful characters from all levels of society". Justify the statement.

'प्रेमचंद के उपन्यासों में समाज के सभी वर्गों के शक्तिशाली पात्र भरे पड़े हैं।' इस कथन का औचित्य स्थापित कीजिए।

24. Classify forests of India on the basis of their characteristics. 5

भारत में वनों का उनकी विशेषताओं के आधार पर वर्गीकरण कीजिए।

25. Mention any two geographical conditions required for the growth of maize crop in India. Describe any three factors which have contributed to increase maize production. 5

भारत में मक्का की उपज के लिए आवश्यक किन्हीं दो भौगोलिक दशाओं का उल्लेख कीजिए। मक्का की उपज को बढ़ाने में योगदान देने वाले किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए।

26. What was the Feminist movement ? Explain the political demands of the Feminist Movement in India. 5

नारीवादी आंदोलन क्या था ? भारत में नारीवादी आंदोलन की राजनीतिक मांगों को स्पष्ट कीजिए।

27. Analyse the role of caste in Indian politics. 5

भारतीय राजनीति में 'जाति' की भूमिका को विश्लेषित कीजिए।

28. What is meant by economic development ? Describe the two bases of measuring economic development of a country ? 5

आर्थिक विकास से क्या अभिप्राय है ? किसी देश का आर्थिक विकास मापने के दो आधारों का वर्णन कीजिए।

29. 'There has been a big change in the three sectors of economic activities, but a similar shift has not taken place in the share of employment'. Highlight the truth on the basis of above statement. 5

आर्थिक गतिविधियों के तीनों क्षेत्रों में बड़ा परिवर्तन हुआ है परन्तु उस प्रकार का परिवर्तन रोजगार की हिस्सेदारी में नहीं हुआ है। उपरोक्त कथन के आधार पर सच्चाई को उजागर कीजिए।

30. (a) One item A is shown in the given political outline map of India. Identify this item with the help of following information and write its correct name on the line marked on the map. 3

(A) Type of forests

(b) On the same political outline map of India, locate and label the following items with appropriate symbols.

(B) Sariska Wildlife Sanctuary

(C) Hirakud Dam

(a) दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र में A पर एक लक्षण चिह्नित किया गया है। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर इस लक्षण की पहचान कर मानचित्र में ही चिह्नित रेखा पर उसका नाम लिखिए—

(A) वनों के प्रकार

(b) उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये एवं उनके नाम लिखिए—

(B) सरिस्का वन्य जीव अभयवन

(C) हीराकुड बाँध।

Note : The following questions are for the visually impaired Candidates only :

(30.1) What type of forests are found in Bihar ?

(30.2) In which state is Sariska Wildlife Sancturary located ?

(30.3) In which state is Hirakud dam Situated ?

नोट—निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए हैं—

(30.1) बिहार में किस प्रकार के वन पाये जाते हैं ?

(30.2) सरिस्का वन्य जीव अभयवन किस राज्य में अवस्थित है ?

(30.3) हीराकुड बाँध किस राज्य में अवस्थित है ?